विचारार्थ विषय
परामर्शदाता – आईईसी / (एक पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त दिए गए पद के लिए अर्हिता प्राप्त अभ्यर्थियों से पूर्णतः संविदा आधार पर आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका और उत्तरदायित्वः

- विभिन्न घटनाओं में मीडिया के साथ समन्वय करना और मंत्रालय को जानकारी देना।
- प्रेस विज्ञप्तियों के प्रारुप तैयार करना।
- कार्यक्रम की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक संचार और समर्थन कार्यनीति विकसित करना।
- मौजूदा स्वास्थ्य विज्ञापन/ आईईसी संसाधनों का संकलन और तुलना करना तथा आईईसी के लिए एक संसाधन केन्द्र विकसित करना।
- संदेशों के प्रचार-प्रसार के लिए आईईसी आधारित आधुनिक सामाजिक मीडिया/ प्रौद्योगिकी विकसित करना।
- मौजूदा बीसीसी/ आईईसी कार्यनीतियों, योजनाओं, संदेशों, साधनों और सामग्रियों की राष्ट्रीय/ राज्य/ जिला स्तरों पर संस्थागत व्यवस्था करना।
- स्वास्थ्य संवर्धन के लिए क्षमता निर्माण में राज्यों और अन्य हितधारकों को सहयोग देना।
- कार्यक्रम के साथ बारीकी से समन्वय करना और विभिन्न व्यवस्थाओं में स्वास्थ्य संवर्धन हेतु अभिनव विचार विकसित करना।
- विभिन्न दिवसों, जो एनसीडी मनाता है, जैसे मधुमेह दिवस, योग दिवस, पर संचार अभियान शुरु करना और उन्हें चालू रखना।
- संचार अभियानों की निगरानी और मूल्यांकन।
- एनसीडी निवारण और स्वस्थ जीवनशैली के लिए संचार अभियानों को शुरु करने और जारी रखने में राज्यों को सहायता देना।
- कोई अन्य कार्य करना, जो समय-समय पर दिया जाए।
- निम्नलिखित परिणामों की प्राप्ति पर केन्द्रित संचार और आउटरीच हेतु आंतरिक और बाह्रय कार्यनीतियों की योजना और डिजाइनः
- आईईसी प्रभाग और मंत्रालय में अन्य प्रभागों के लिए संचार और आउटरीच आधारित कार्यनीति तैयार करना।
- उच्च गुणवत्ता ज्ञान उत्पादों के लिए गुणवत्ता आश्वासन सुनिश्चित करना और प्रसार योजनाएं विकसित करना।
- विभिन्न विषयों के इर्द-गिर्द एक सामाजिक मीडिया कार्यनीति विकसित करना।
- मुख्य हितधारकों के लिए प्रभावी संचार साधन विकसित करना।
- निम्नलिखित परिणामों प्राप्त करने पर केन्द्रित मंत्रालय के डिजीटल फुटप्रिंट में सुधार करने के लिए सहयोगः
- परियोजना उपलब्धियों से संबंधित वेब सामग्री को नियमित रूप से अद्यतन करना।
- परियोजना भागीदारियों और पहलों से संबंधित सामाजिक मीडिया कार्यनीति विकसित और क्रियान्वित करना।
- ट्विटर, यूट्यूब और अन्य के लिए सामग्री तैयार करना।

- उपर्युक्त सभी कार्यों की समयबद्ध तरीके से प्रदानगी।

पात्रता:

- संचार, पत्रकारिता/ संचार डिजाइन, जनसंपर्क में स्नातकोत्तर डिग्री।
- सामाजिक विकास से संबंधित समर्थन, सूचना और संचार में राज्य या राष्ट्रीय स्तरों पर न्यूनतम 4-6 वर्ष का व्यवसायिक कार्य अनुभव, विशेषत: स्वास्थ्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर एनएचएम/ आरसीएच में कार्य करने वाले अभ्यर्थियों के वरीयता दी जाएगी।
- उत्तम विश्लेषणात्मक कौशल (लेखन कौशल सहित), उत्तम संचार और पारस्परिक कौशल और दबाव में काम की क्षमता, स्वतंत्र रुप में और एक टीम के भाग के रुप में।
- अच्छा समन्वयन कौशल और ज्ञान साझा करने पर सूचना प्रौद्योगिकी आधारित मंचों के ज्ञान के साथ-साथ परामर्श आयोजित करने में अनुभव अतिरिक्त योग्यता होगी।
- अंग्रेजी और हिन्दी में धाराप्रवाहिता।
- औपचारिक शैक्षिक योग्यता, अनुभव और आयु में शिथिलता दी जा सकती है, यदि उच्च गुणवत्ता का प्रकाशित कार्य / विशेष प्रासंगिकता का कार्य अनुभव है।

आयु: दिनांक 1/4/2016 को अधिकतम आयु 55 वर्ष। विस्तृत क्षेत्र दौरों पर जाने हेतु स्वास्थ्य उत्तम हो।
पारिश्रमिक: प्रतिमाह 90,000/-रु. से 1,30,000/-रु. के बीच।
स्थान: दिल्ली

आवेदन दिनांक 04.06.2016 को अपराह्न 4:00 बजे तक ई-मेल **consultant.iec@nhsrcindia.org** पर या डाक द्वारा / दस्ती रूप में एचआर प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचडब्ल्यू कैंपस, बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली – 110067 को अवश्य पहुंच जाना चाहिए।

टिप्पणी:

- अपने जीवन-वृत्त में आयु, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, वर्तमान और पिछले नियोजन की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य है, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- कृपया लिफाफे पर (डाक द्वारा भेजने पर) आवेदित पद और सबजेक्ट-लाईन (ई-मेल द्वारा भेजने पर) का उल्लेख करना सुनिश्चित करें, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- यदि उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन करता है तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग से, टीओआर में उल्लिखित अनुसार विशेष ई-मेल पते पर, जीवन-वृत्त भेजना होगा।

***